छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड

:: डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी ::

1. **डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद के लिए ऑनलाईन आवेदन करने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की वेबसाइट का पता www.cspc.co.in है।**
2. उपरोक्त वेबसाइट में बाई ओर **रिक्रूटमेंट लिंक (Recruitment Link)** पर क्लिक करें।
3. ऑनलाईन आवेदन पत्र केवल अंग्रेजी भाषा में भरा जावेगा।
4. ऑनलाईन आवेदन में दर्शित तारांकित बाक्स में प्रविष्टि अनिवार्य है। उक्त के अभाव में आगे की प्रविष्टि संभव नहीं होगी।
5. **रिक्रूटमेंट (Recruitment)** के खण्ड में डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के निम्नलिखित तीन विज्ञापनों की जानकारी प्रदर्शित है :-
   - **a.** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंबिकापुर क्षेत्र के लिए सरगुजा संभाग के अंतर्गत डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर भर्ती
   - **b.** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के जगदलपुर क्षेत्र के लिए बस्तर संभाग के अंतर्गत डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर भर्ती
   - **c.** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के रायपुर , बिलासपुर, दुर्ग-राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर भर्ती
   - **d.** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर के पद पर भर्ती
6. ऑनलाईन आवेदन की लिंक पर क्लिक करने पर भर्ती की शर्तों के संबंध में आवश्यक जानकारियाँ प्रदर्शित होती है। जिसे ध्यान से पढ़ने व समझने के पश्चात **मैं सहमत हूँ (I Agree)** पर क्लिक करें।
7. **ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक जानकारी -**
   - **निवासी (Domicile)** - 'मैं छत्तीसगढ़ का निवासी हूँ' अथवा 'मैं छत्तीसगढ़ का निवासी नहीं हूँ' में से सही विकल्प चुने।
   - **निवासी जिला (Domicile District)** – **ड्रापडाउन के लिस्ट में से सही 'नि**वासी जिला' का चयन करें।
   - **लिंग (Gender)** - ड्रापडाउन के लिस्ट में से पुरूष अथवा महिला में से सही विकल्प चयन करें।
   - **आवेदक का पूरा नाम (Name of Applicant)** - इस कॅालम में प्रथम नाम **(First Name)**, मध्य नाम **(Middle Name)**, एवं अंतिम नाम **(Last Name)**, के बाक्स दर्शित है, जिसमें से प्रथम एवं अंतिम नाम के बाक्स में प्रविष्टि अनिवार्य है।
   - **पिता का नाम / पति का नाम (Father's Name / Husband's Name)** - पिता अथवा पति में से किसी एक का चयन करें एवं उनके नाम की प्रविष्टि करें।

- **श्रेणी जिसके अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है (Category Applied for)** - ड्रापडाउन लिस्ट में से सही श्रेणी **[अनारक्षित (UR), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST)]** का चयन करे।

- क्या उम्मीदवार दिव्यांग है **(Is the applicant differently abled) ?** - 'हॉ' अथवा 'नहीं' का चयन करे। यदि '**हॉ**' का चयन किया जाता है तो ड्रापडाउन लिस्ट में से अपनी निःशक्तता श्रेणी का चयन करें।

- **क्या उम्मीदवार भूतपूर्व सैनिक है (Is the Applicant Ex-Serviceman)** - 'हॉ' अथवा 'नहीं' का चयन करे। यदि '**हॉ**' का चयन किया जाता है तो सैन्य सेवा की कार्य अवधि दर्ज करे।

- **जन्म दिनांक** (**Date of Birth**) - उम्मीदवार कक्षा दसवीं की अंकसूची में अंकित जन्म दिनांक को दर्ज करे।

- **शैक्षणिक योग्यता** (**Educational Qualification**) - क्या उम्मीदवार न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक है **?** यदि 'हॉ' तो प्रथम बाक्स में पाठ्यक्रम का चयन करें। द्वितीय बाक्स में स्नातक के अंक प्रतिशत अथवा सीजीपीए अंक दर्ज करे। तृतीय बाक्स में कम्प्यूटर संबंधी उत्तीर्ण किए गए पाठ्यक्रम का चयन करें।

- **परीक्षा स्थल** (**Place of Examination**)**-** उम्मीदवार लिखित एवं कौशल परीक्षा हेतु परीक्षा स्थल/शहर का चयन करें। परीक्षा स्थल /शहर की संख्या अस्थायी है। पॉवर कंपनी को उम्मीदवारों की संख्या के दृष्टिगत परीक्षा स्थल की संख्या में वृद्धि या कमी अथवा परिवर्तित करने का पूर्ण अधिकार है।

- **पत्र व्यवहार का पता** (**Correspondance Address**) - उम्मीदवार अपना पूरा पता पिन कोड सहित दर्ज करे।

- **मोबाईल नम्बर** (**Mobile No.**) - उम्मीदवार ऐसा मोबाईल नम्बर दर्ज करे , जो अगले छः माह तक सक्रिय रहे। भर्ती से संबंधित संक्षिप्त सूचना (**SMS**) इसी मोबाईल नम्बर पर दी जावेगी।

- **ई-मेल आईडी (E-Mail ID)** - उम्मीदवार ऐसा ई-मेल आईडी दर्ज करे जो अगले छः माह तक सक्रिय रहे। भर्ती से संबंधित सूचनाएँ दर्ज करायी गई ई- मेल आईडी पर भेजी जावेगी। ई-मेल आईडी **(E-Mail ID)** दर्ज करना वैकल्पिक है।

- **घोषणा** (**Declaration**) - चेक बाक्स में क्लिक करें।

- **सिक्यूरिटी कोड** (**Captcha Code**) - **सिक्यूरिटी कोड** को दर्शाए गए बाक्स में उसी प्रकार अंकित करें।

- भरे गए ऑनलाईन आवेदन को देखने हेतु **प्रिव्यु (Preview)** बटन में क्लिक करें। **ऑनलाईन आवेदन में दर्ज समस्त जानकारी को सावधानी पूर्वक जॉच करें। प्रिव्यु (Preview)** पेज बंद करने के लिए क्लोज **(Close)** बटन दबाए। **यदि कोई त्रुटि हो तो उसे सुधार ले।**

- **प्रिव्यु (Preview)** से संतुष्ट होने के बाद पुनः **सिक्यूरिटी कोड** (**Captcha Code**) को दर्शाए गए बाक्स में उसी प्रकार अंकित करें।

- **Submit** बटन पर क्लिक करने से पहले कृपया आवेदन की प्रविष्टियों को भली भांति जांच ले । यह ध्यान रखे कि एक बार **Submit** बटन क्लिक करने के पश्चात **ऑनलाईन** आवेदन में दर्ज की गई जानकारी संशोधित नहीं की जा सकती है। अतः दर्ज की गई जानकारी से पूर्णतः संतुष्ट होने के पश्चात ही **Submit** बटन पर क्लिक करें।

- **फोटो का चयन करे (Attach Photo) एवं हस्ताक्षर का चयन करें** (**Attach Signature)** का पेज प्रदर्शित होगा । जिसमें उम्मीदवार को अपना नवीनतम पा सपोर्ट साइज रंगीन फोटो (अधिकतम साइज 50 केबी) एवं हस्ताक्षर (अधिकतम साइज 20 केबी) अपलोड करना होगा। अपलोड करने के पश्चात अपलोड की पुष्टि करने के लिए **कन्फर्म अपलोड (Confirm Upload)** बटन में क्लिक करें।

- फोटो एवं हस्ताक्षर को सफलतापूर्वक अपलोड करने के पश्चात उम्मीदवार को निर्धारित आवेदन शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना होगा। भुगतान के पेज पर **सिक्यूरिटी कोड** (**Captcha Code**) को दर्शाए गए बाक्स में उसी प्रकार अंकित करें तथा **पे-नाउ** (**Pay Now**) बटन पर क्लिक करे।

- **Pay Now** में क्लिक करने के पश्चात आवेदन शुल्क के ऑनलाईन भुगतान हेतु **पेमेंट गेट-वे (Payment Gate-way)** प्रदर्शित होगा , जिस पर उम्मीदवार अपनी सुविधानुसार **गेट-वे (Gate-way)** का चयन कर आवेदन शुल्क का भुगतान **Make Payment** में क्लिक करके कर सकेगा।

- आवेदन शुल्क के पॉवर कंपनी में पॅहुचने की सूचना **Transaction Status** के **Successful** होने के रूप में एक **आवेदन क्रमांक** (**Application No.**) स्क्रीन पर दर्शित होगा। इसे देख लें। यदि आवेदन क्रमांक नहीं दिखता है , तो इसका अर्थ है कि आपका आवेदन शुल्क पॉवर कंपनी को प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसी दशा में कृपया पुनः नए सिरे से आवेदन करें। आवेदन शुल्क पॉवर कंपनी को प्राप्त होने के पश्चात ही आपका आवेदन पंजीकृत होगा तथा **आवेदन क्र मांक** (**Application No.**) आवेदन शुल्क की रसीद में प्रदर्शित होगा जिसे **प्रिंट (Print)** किया जा सकता है।

- भरे गए आवेदन को देखने अथवा प्रिंट करने हेतु उम्मीदवार को कंपनी की वेबसा इट में निर्धारित लिंक पर अपने आवेदन से संबंधित जानकारी देखे / प्रिंट करे पर क्लिक करना होगा, जहां उसे अपने आवेदन क्रमांक , जन्म दिनांक , मोबाइल नम्बर तथा **सिक्यूरिटी कोड** (**Captcha Code**) के माध्यम से लॉगिन करना होगा।

- लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा तथा दस्तावेजों के परीक्षण में शामिल होने हेतु एडमिट कार्ड पॉवर कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड किए जायेंगे। जिसमें से उम्मीदवार द्वारा प्रिंट प्राप्त किया जा सकता है। पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अलग से एडमिट कार्ड नहीं भेजा जायेगा। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित जानकारियॅा पॉ वर कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड की जाऐगी। अतः उम्मीदवार समय-समय पर कंपनी की वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।

####